## संपादकीय

# जॉनसन की जीत

यूरोपीय यूनियन से अलग होने के झंझावातों से जूझते ब्रिटेन में लाभदायक ब्रेग्जिट डील के मुद्दे को लेकर हुए आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटी है। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में लड़े गये इस चुनाव में 650 सीटों वाली संसद में पार्टी ने 364 सीटें जीती हैं। पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला है। उसे पिछली बार के मुकाबले 47 सीटें ज्यादा मिली हैं। लेबर पार्टी 203 सीटें लेकर दूसरे नंबर पर रही है। उसे अनिश्चितताओं के बीच कामगार तबके का समर्थन नहीं मिल पाया। निःसंदेह अब जॉनसन इस नये जनादेश के बूते ब्रिटेन को ब्रेग्जिट डील करवाकर यूरोपीय संघ से अलग कर सकेंगे। दरअसल, ब्रेग्जिट का मुद्दा ब्रिटेन के गले की फांस बन चुका है, जिसके चलते इस देश में लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। यही वजह है कि पांच साल से भी कम समय में यह तीसरा चुनाव है। वहीं दूसरी ओर पिछले सौ साल में कड़ाके की ठंड में दिसंबर में होने वाला यह पहला चुनाव है। दरअसल, दिसंबर में लोग क्रिसमस और नये साल के उत्सवों की तैयारी में जुट जाते हैं। इस दौरान बर्फीले मौसम में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। बहरहाल, अब बोरिस जॉनसन पर दबाव बढ़ गया है कि 31 जनवरी से पहले यूरोपीय यूनियन के साथ किसी लाभकारी समझौते के साथ डील करें। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में जनमत संग्रह में ब्रिटेन की 52 फीसदी जनता ने ब्रेग्जिट के समर्थन में मत दिया था, वहीं 48 फीसदी लोग यूरोपीय यूनियन के साथ बने रहने के पक्ष में थे। ब्रिटेन के सामान्य लोगों तथा कारोबारियों की मुख्य चिंता रही है कि यदि ब्रिटेन बिना किसी समझौते के यूरोपीय यूनियन को अलविदा कहता है तो ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए उसके घातक प्रभाव हो सकते हैं।

दरअसल, गत अक्तूबर में सांसदों ने 12 दिसंबर को चुनाव कराने के पक्ष में वोट करके प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का समर्थन किया था। ये चुनाव समय से पहले कराये गये थे। इससे पहले सितंबर, 2019 में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के बागी सांसदों ने विपक्ष का साथ देकर सरकार को मुश्किल में डाल दिया था। प्रधानमंत्री का कहना था कि कोई समझौता हो या न हो ब्रिटेन 31 अक्तूबर तक यूरोपीय यूनियन से अलग हो जायेगा जबकि संसद चाहती थी कि किसी समझौते के साथ ही ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हो। इसके बाद बोरिस जॉनसन समय से पहले चुनाव कराने के लिये संसद में प्रस्ताव लाये थे। दरअसल, ब्रेग्जिट का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति में उथल-पुथल मचाये हुए है। जनमत संग्रह के परिणामों के बाद सभी राजनीतिक दल इसके नतीजों के साथ चलने को बाध्य हैं। उनको लगता है कि इसे नकारने को जनतंत्र स्वीकार नहीं करेगा। यह भी हकीकत है कि यूरोप में जो दक्षिणपंथ और राष्ट्रवाद की लहर चली है, ब्रिटेन के लोगों ने उसी भावना में बहते हुए ब्रेग्जिट का समर्थन किया था। अब धीरे-धीरे यह साफ हो रहा है कि इसके नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। हानिकारक परिणाम सामने आने भी लगे हैं, अब तक ब्रिटेन की जीडीपी में एक प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। एक अनुमान है कि एक से डेढ़ लाख तक नौकरियां भी जा सकती हैं। वहीं यूरोपीय यूनियन की सुविधाओं के मद्देनजर जो उद्योग ब्रिटेन आये थे, वे भी अपने फैसलों की समीक्षा कर सकते हैं। ब्रिटेन के लिये संकट नॉर्दर्न आयरलैंड को लेकर भी है। जहां नॉर्दर्न आयरलैंड ब्रेग्जिट के चलते ब्रिटेन के साथ रहेगा, वहीं आयरलैंड एक स्वतंत्र देश है। चिंता इस बात को लेकर है कि एक द्वीप के इन दो देशों में अलग-अलग अर्थव्यवस्थाएं कैसे चलेंगी। इन दोनों आयरलैंड के बीच कोई हार्ड बॉर्डर नहीं है, जिसके चलते अब तक लोगों की आवाजाही व सामान ले जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। निश्चय ही आने वाले दिनों में बोरिस जॉनसन को ऐसी तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अग्रिम कर भुगतान की समय-सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ाई गईः सीबीडीटी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के करदाताओं के लिए अग्रिम कर की तीसरी किस्त भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर 2019 कर दी। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के चलते इन राज्यों में इंटरनेट सेवा बाधित हुई है। इसी के मद्देनजर अग्रिम कर भरने की समय-सीमा बढ़ाई गई है। इससे पहले अग्रिम कर की यह किस्त भरने के लिये 15 दिसंबर अंतिम तिथि थी।



सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है, 'पूर्वोत्तर के राज्यों-असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में बड़े पैमाने पर इंटरनेट सेवाओं की गड़बड़ी के कारण केनद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर कानून की धारा 119 के उपबंध (ए), उप-धारा (2) के तहत उपलब्ध अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए वित्त वर्ष 2019-20 की दिसंबर किस्त की अंतिम तिथि को 15 दिसंबर 2019 से आगे बढ़ाकर 31 दिसंबर 2019 कर दिया है। बढ़ी हुई यह तिथि इन सभी राज्यों में स्थित कंपनियों और कंपनियों से इत्तर सभी तरह के करदाताओं के लिए मान्य होगी।'

आयकर कानून की धारा 208 के मुताबिक कोई भी व्यक्ति जिसकी वित्त वर्ष में कर देनदारी 10,000 रुपये अथवा इससे अधिक है, तो उसे अपने कर की अग्रिम कर के रूप में अदायगी करनी होगी। प्रत्यक्ष कर श्रेणी में अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष में चार बार किया जाता है। अग्रिम कर का भुगतान 15 जून को, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और अंतिम किस्त 15 मार्च को भरनी होती है।

# बंगाल की श्यामली ने जीता सिल्वर मेडल

**कोलकाता ।** लंबी दूरी के धावकों को कई बाधाओं को तोड़ना होता है और पश्चिम बंगाल के मिदनापुर की श्यामली सिंह ने ऐसी ही कई चुनौतियों से पार पाते हुए टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) दौड़ में रविवार को यहां भारतीय महिला खिलाड़ियों के बीच सिल्वर मेडल हासिल किया। बेहद ही गरीब किसान परिवार से संबंध रखने वाली श्यामली को दो साल पहले ट्यूमर (कैंसर) का पता चला लेकिन इसने भी उनके हौसलों को पस्त नहीं होने दिया।



अपने पति सह कोच संतोष की मदद से उन्होंने 2017 में मुंबई मैराथन में भाग लिया और तीन घंटे आठ मिनट 41 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इससे उन्हें पुरस्कार राशि के तौर पर चार लाख रुपये मिले जिसका इस्तेमाल उन्होंने अपने इलाज के लिए किया। दो साल के बाद कैंसर पर जीत दर्ज कर उन्होंने दमदार वापसी की और कोलकाता 25के में महिला वर्ग में किरणजीत कौर के बाद दूसरे स्थान (एक घंटा 39 मिनट और 2 सेकंड) पर रहीं।

रविवार को वह यहां 17 किलोमीटर तक भारतीय महिला धावकों में शीर्ष पर थीं लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आने के कारण उन्हें अपनी गति धीमी करनी पड़ी।

# वेदांता की अगले तीन साल में 60,000 करोड़ रुपये निवेश की योजना

**मुंबई (आरएनएस)।** वेदांता रिर्सोसेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि कंपनी अगले दो-तीन साल में करीब 60,000 करोड़ रुपये निवेश की योजना बना रही है। भारत आर्थिक सम्मेलन, 2019 में अग्रवाल ने यह भी कहा कि कंपनी ने अगले चार-पांच साल में कारोबार बढ़ाकर 30 से 40 अरब डॉलर और लाभ एक करोड़ डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, ''मैं भारत को लेकर प्रतिबद्ध हूं। मैं पिछले 10 साल में 35 अरब डॉलर लगा चुका हूं। मैं



हिंदुस्तान जिंक, बालको, सेसा गोवा और केयर्न समेत 13 कंपनियां खरीदी हैं और वे सभी अच्छा काम कर रही हैं। मुझे अगले 2-3 साल में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।'' हालांकि अग्रवाल ने यह नहीं बताया कि कंपनी की कैसे इस कोष का उपयोग करेगी।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश की सबसे बड़ी कंपनी के मामले में आईओसी को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अब फार्च्यूयन इंडिया 500 सूची में शीर्ष पर पहुंच गई है। आरआईएल को आम उपभोक्ताओं पर केन्द्रित कारोबार से इस स्थान पर पहुंचने में मदद मिली है। फार्च्यूयन इंडिया ने यह जानकारी देते हुये कहा कि 2018-19 में 5.81 लाख करोड़ रुपये का कारोबार करने के साथ ही मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली आरआईएल पहली कंपनी है जिसने कुल कारोबार के मामले में आईओसी को पीछे छोड़ा है। आईओसी पिछले लगातार दस साल से इस मुकाम पर बनी हुई थी। आरआईएल संगठित खुदरा बिक्री, दूरसंचार और पेट्रोलियम कारोबार के क्षेत्र में कार्यरत है। सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) 2018 में इस मामले में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का स्थान रहा। वर्ष 2018 और 2019 में इनकी रैकिंग में कोई बदलाव नहीं आया। फार्च्यूयन इंडिया- 500 की इस सूची में कंपनियों की अनुषंगी को शामिल नहीं किया गया है। इस प्रकार ओएनजीसी की रैकिंग तय करते समय इसमें उसकी अनुषंगियों हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के




कारोबार को शामिल नहीं किया गया है। राजेश एक्सपोर्ट्स 2019 में सातवें स्थान पर रही। वह एक पायदान ऊपर चढ़ी है। इसी प्रकार टाटा स्टील, कोल इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसिज और लार्सन एण्ड टुब्रो भी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमश 8वें, 9वें, 10वें और 11वें स्थान पर पहुंच गये। आईसीआईसीआई बैंक दो पायदान चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गया जबकि हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक का स्थान इसके बाद रहा। वेदांता लिमिटेड 2019 की सूची में तीन स्थान नीचे आ गया और 18वें स्थान पर रहा। फार्च्यूयन ने कहा कि आरआईएल का कारोबार 2018- 19 में 41.5 प्रतिशत बढ़ गया। यह आईओसी से 8.4 प्रतिशत अधिक रहा। कुल मिलाकर फार्च्यूयन इंडिया- 500 कंपनियों का राजस्व 2019 में 9.53 प्रतिशत बढ़ गया जबकि मुनाफा 11.8 प्रतिशत बढ़ा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच विलय, सार्वजनिक उपक्रमों में विलय सहित अन्य कारणों से 57 कंपनियां इस सूची से बाहर हो गई।

# अब 3 दिनों में पोर्ट होगा आपका सिम, देने होंगे सिर्फ 6.46 रुपए

नईदिल्ली,16 दिसंबर (आरएनएस)। मोबाइल नंबर पोर्ट कराने वालों के लिए बड़ी खबर है। अब आपको अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करने के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है। टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नए नियमों के मुताबिक यह प्रक्रिया अब पहले से अधिक आसान हो गई है। मोबाइल पोर्ट करने का नया नियम आज (16 दिसंबर) से लागू हो रहा है। नए नियम के मुताबिक 6.46 रुपए की फीस देकर महज 3 दिन में मोबाइल नंबर पोर्ट हो सकेगा। पात्र ग्राहकों का यूनिक पोर्टिंग कोड (यूपीसी) जेनरेट किया जाएगा। इसके लिए पोस्टपेड ग्राहकों का भुगतान बकाया न होना, कनेक्शन 90 दिन तक पुराना होना जरूरी होगा। टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने हाल ही में संशोधित मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी प्रक्रिया के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किया था।




ट्राई ने इस नई प्रक्रिया में यूनिक पोर्टिंग कोड के क्रिएशन का शर्त लेकर आया है। नए नियम के तहत अब सर्विस एरिया के अंदर अगर कोई पोर्ट कराने के आग्रह करता है तो उसे 3 वर्किंग डे में पूरा करना होगा। वहीं, एक सर्किल से दूसरे सर्किल में पोर्ट के आग्रह को 5 वर्किंग डे में पूरा करना होगा।

# दबंग 3 की रिलीज़ से पहले ही सलमान खान ने दबंग 4 को लेकर किया है खुलासा

सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म दबंग 3 की रिलीज़ को अब कुछ ही दिन बचे हैं. फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है. अब इस बीच सलमान ने दबंग 4 को लेकर भी बड़ा बयान दे दे दिया है. सलमान ने साफ कर दिया है कि वो दबंग 4 भी बनाएंगे.

खबर के मुताबिक सलमान खान ने हाल ही में एक बड़े अखबार से बात करते हुए ये बात कुबूल की है कि वो दबंग 3 के बाद दबंग 4 भी बनाएंगे. दबंग 3 दबंग का प्रीचल है. यानी इस फिल्म में चुलबुल पांडे और रज्जो (सोनाक्षी सिन्हा) के उस दौर को दिखाया जाएगा, जब वो बेहद कम उम्र के थे. कम उम्र की रज्जो का किरदार फिल्म में सई मांजरेकर निभा रही हैं. सई इस फिल्म से सिनेमाई परदे पर डेब्यू कर रही हैं.

जब सलमान से सवाल किया गया कि उनको प्रीचल का आइडिया कैसे आया तो उन्होंने कहा, हमारे पास दबंग 4 भी लिखा हुआ है. वो बस इसलिए आए थे. कभी-कभी एक फिल्म आपको अगले फिल्म के लिए आईडिया दे जाती है. दबंग 3 में हम इस बात को देखेंगे कि रज्जो



के पिता शराबी कैसे बने और चुलबुल रज्जो से कैसे मिला. आज जब पिक्चर देखोगे तो समझ में आ जाएगा कहां कहां से निकले हैं हम. दो फिल्मों के बाद, आज, जिस पल मैंने दबंग के सेट पर कदम रखा था. मैं अभिनेता सलमान खान नहीं रहा, बल्कि चुलबुल पांडे बन गया. सोनाक्षी भी तुरंत रज्जो में बदल गई. फिल्म की पूरी कास्ट के साथ भी यही हुआ. हम एक असली परिवार बन गए.

आपको बता दें कि दबंग 3 20 दिसंबर को बड़े परदे पर रिलीज़ होने वाली है. इस फिल्म का निर्देशन प्रभुदेवा ने किया है. फिल्म में सलमान, सोनाक्षी और सई के अलावा अरबाज़ खान और माही गिल भी नज़र आएंगी. इस फिल्म में विलेन का किरदार साउथ के स्टार किच्चा सुदीप ने निभाया है.

## आज का राशिफल

मेषः- काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा।

वृषभः- आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए।

मिथुनः- आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है।

कर्कः- आज का दिन किसी बहन भाई की चिंता टहल सेवा में व्यतीत होगा क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं।

सिंहः- आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान कर सकती है क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है।

कन्याः- आपकी राशि का स्वामी बुध वृश्चिक में आ चुका है, बुध के साथ सूर्य भी है। अतः- विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ सकती है उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

तुलाः- आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रह सकते हैं। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं।

वृश्चिकः- आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी।

धनुः- आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है।

मकरः- आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

कुंभः- उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

मीनः- आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। अतः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा।

# विद्या बालन ने रोचक अंदाज में बताई शकुंतला देवी की रिलीज डेट

फिल्म ऐक्ट्रेस विद्या बालन अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म शकुंतला देवी की शूटिंग को पूरा किया है। विद्या बालन फिल्म से जुड़े कई फोटोज और विडियोज शेयर कर चुकी हैं। इसके साथ ही उनका फिल्म में गेटअप भी सामने आ चुका है। अब उन्होंने बड़े ही रोचक ढंग से फिल्म की रिलीज डेट के बारे में बताया है।

फिल्म की कहानी दिवंगत महान गणितज्ञ शकुंतला देवी पर आधारित है। विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया है। उन्होंने विडियो में फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ी गणित की तमाम पहेलियां से दर्शकों से पूछी और कहा कि इन्हें सुलझाकर वे खुद से पता लगाएं कि फिल्म किस दिन रिलीज हो रही है।



विद्या बालन ने आगे कहा कि क्या हुआ? कैल्कुलेशन नहीं कर पा रहे? क्या लगा, शकुंतला देवी हूं, ऐसे ही बता दूंगी? चलो, एक बार और कोशिश करते हैं। आखिरकार तमाम पहेलियों का जवाब यह निकला कि फिल्म अगले साल 8 मई को रिलीज हो रही है।

बता दें कि शकुंतला देवी की प्रतिभा का तभी पता चल गया जब वह 5 साल की थीं और उस समय उन्होंने उस सवाल का जवाब दिया था जो आमतौर 18 साल की उम्र के बच्चों के लिए होता है।

# सिंगर बनी अभिनेत्री सना अमीन शेख

मौनी रॉय, टीना दत्ता और जन्नत जुबैर जैसी कई टेलीविज़न हस्तियों ने बतौर वॉइस आर्टिस्ट काम किया है. लेकिन कुछ हस्तियां ऐसी होती हैं जो नए अवसरों की खोज करके अपनी प्रतिभा का उपयोग करने से नहीं चूंकती. इन्हीं में से एक हैं सना अमीन शेख.



आरजे सना अमीन शेख सोशल मीडिया पर अक्सर अपने फैंस के लिए सिंगिग करते हुए छोटे-छोटे वीडियो पोस्ट करती रहती हैं. लेकिन अब सना बतौर गायक कुछ सीरियस करना चाहती हैं. हाल ही में उन्होंने एक कवर गीत रिकॉर्ड करके गायन के लिए अपने जुनून के एक पायदान ऊपर चढ़ा दिया है.

सना का इस मामले में कहना है कि संगीत मेरे खून में है. मेरे परिवार के अधिकांश सदस्य शास्त्रीय संगीत से प्रशिक्षित हैं. मेरे दादा और परदादा नाट्यशास्त्र में पेशेवर गुजराती गायक और स्टेज एक्टर थे. हालांकि मैं प्रशिक्षित नहीं हूं क्योंकि मुझे कभी मौका नहीं मिला लेकिन मैं हमेशा से ही सिंगर बनना चाहती थी.

# 'ऑलिव नॉन' की सीक्रेट रेसिपी

## सामग्री :

300 ग्राम मैदा, 100 मिलीलीटर मिल्क, 50 मिलीलीटर पानी, 50 ग्राम पिघला हुआ बटर, 5 ग्राम नमक, 50 ग्राम ग्रीन ऑलिव, 30 ग्राम ब्लैक ऑलिव, 3 ग्राम ऑरगेनो



## विधि :

एक बोल में मैदा, नमक, मिल्क, बटर, ऑरगेनो और पानी डालकर अच्छी तरह गूंथे।

अब लगभग 60 ग्राम आटा लेकर आटे की बॉल्स तैयार करें और उस पर ऑयल से ब्रेश करें।

सभी बॉल्स को ट्रांसपेरेंट प्लास्टिक से रैप करें और फ्रिज में लगभग 7-8 घंटे के लिए रख दें।

फ्रिज से बॉल्स निकालकर रूम टेम्प्रेचर पर करीब 40-50 मिनट के लिए रखें।

अब एक-एक कर बॉल को बेल लें और नान का शेप दें।

ऊपर से बारीक कटे हुए ग्रीन और ब्लैक ऑलिव्स काटकर फैलाएं।

गर्म तंदूर में नान को अच्छी तरह सेंक लें।

अब तैयार ऑलिव नान पर बटर से ब्रशिंग कर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 76

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (ड.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (ड.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 75 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.75का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |